Rotary RID: 3056

# रोटरी पत्रिका

Rotary RID: 3056

# ROTARY PATRIKA

(रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)





**Rtn. CA. Durgesh Purohit**
President, 2025-26
+91-90019 77778
ca.durgeshpurohit@gmail.com

**Rtn. Francesco Arezzo**
RI President 2025-26

**Rtn. Pragya Mehta**
District Governor- 2025-26

**Rtn. R.C. Gupta**
Secretary, 2025-26
+91-94140 71753
rameshgupta0605@gmail.com





2025-26 No. 06 Charter No. 6548/Date 17.03.1947 Club No. 15099 Date: 12.09.2025



Club Learning Facilitator
Rtn. PP CA. S. L. Gangwal
Club Counsellor
Rtn. PP S. K. Pahariya
Club Advisor
Rtn. PP Surendra Swarup
Rtn. PP S. K. Tak
AG & IPP
Rtn. Girdhar Maheshwari
President Elect
Rtn. Shrikishan Sharma
President Nominee
Rtn. Dr. Siloni Thaper
Vice President
Rtn. Ajit Kumar Bansal
Rtn. Ashok Sharma
Joint Secretary
Rtn. Dr. Pallavi Singhvi
Treasurer
Rtn. Subhash Himmatramaka
Director- Community Service
Rtn. PP Ujas Chand Jain
Director- Club Administration
Rtn. Shilpa Bendre
Director- Vocational Services
Rtn. PP Surendra Jain Paras
Director- New Generation
Rtn. Mahendra Kumar Sharma
Director- Rotary Foundation & International Services
Rtn. Sagar Bendre
Director- Membership
Rtn. Navin Kothari
Chief Editor
Rtn. Piyush Jain
Editor
Rtn. Suresh Kumar Patni
Chairperson- Environment
Rtn. PP Haresh Kumar Patni
Chairperson- Public Image
Rtn. PP Sudhir Gupta
Chairperson- Anti Drugs
Rtn. Rajeev K. Agarwal
Chairperson- DEI
Rtn. Ravish Chandra Agarwal
Chairperson-Disaster Management
Rtn. Anita Sharma
Chairperson- Health Preventative & Curative
Rtn. Naveen Jain
Chairperson- Literacy
Rtn. Dr. Ruchira Solanki
Chairperson-Water & Sanitation
Rtn. Raj Kumar Bafna
Chairperson- CSR
Rtn. Prashant Pal
Sergeant-at-Arms
Rtn. N. K. Garg
Rtn. Bajrang Lal Sharma


## शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम

शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब जयपुर द्वारा रोटरी भवन में 5 सितंबर 2025 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज निर्माण में शिक्षकों की अमूल्य भूमिका का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया। जयपुर के विभिन्न विद्यालयों के 25 से अधिक शिक्षकों ने इस समारोह में भाग लिया। क्लब अध्यक्ष सी ए दुर्गेश पुरोहित ने शिक्षकों एवं सदस्यों का स्वागत किया और रोटरी द्वारा शिक्षा क्षेत्र में दीर्घकालिक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने क्लब की उल्लेखनीय पहल लदाना गाँव में स्थापित रोटरी पब्लिक स्कूल का उल्लेख किया, जो ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन क्लब निदेशक रो. शिल्पा बेन्द्रे ने मंच से किया साथ ही सार्जेंट–एट–आर्म्स रो. बजरंग लाल शर्मा का सहयोग प्राप्त हुआ। समारोह का समापन क्लब सचिव रो. आर. सी. गुप्ता द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी शिक्षकों और सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

रोटरी क्लब जयपुर द्वारा 2 सितंबर 2025 को बियानी गर्ल्स कॉलेज, विद्याधर नगर में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर ब्लड डोनेशन कमेटी के चेयरपर्सन रो. आर. के. शर्मा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में कॉलेज के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया और कुल 78 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। भारी संख्या में पंजीकरण के कारण रक्तदाताओं का उत्साह देखने योग्य रहा। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सी ए दुर्गेश पुरोहित एवं सचिव आर सी गुप्ता ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सीए संजय बियानी, डायरेक्टर बियानी कॉलेज को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।






Rotary RID: 3056

# रोटरी पत्रिका

ROTARY PATRIKA

(रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)

Rotary RID: 3056

## रोटरी भवन में हिंदी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन

रोटरी क्लब जयपुर के तत्वावधान में शनिवार 23 अगस्त 2025 को रो. बी.एल. गुप्ता स्मृति हिंदी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। प्रतियोगिता में 20 इंटरेक्ट स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने सुरों और मधुर प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत ईश वंदना से हुई, जिसे रो. भक्ति शर्मा ने प्रस्तुत किया। क्लब अध्यक्ष रो. सी.ए. दुर्गेश पुरोहित ने निर्णायक मंडल में शामिल पं. मनभावन डॉगी, श्री राजीव टाक एवं मिस भक्ति शर्मा का स्वागत किया। डायरेक्टर न्यू जनरेशन रो. महेंद्र कुमार शर्मा ने प्रतियोगिता के नियम बताए, वहीं इंटरेक्ट चेयरपर्सन रो. पीयूष जैन ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। चल वैजयंती ट्रॉफी माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर को उनके उत्कृष्ट समग्र प्रदर्शन पर प्रदान की गई। समूह गान प्रतियोगिता में प्रथम– माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर, द्वितीय– टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर, तृतीयः महावीर पब्लिक स्कूल, सी–स्कीम एवं एकल गान प्रतियोगिता में प्रथम– माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर की मिस अद्विति वेट, द्वितीय– टैगोर इंटरनेशनल स्कूल, मानसरोवर की मिस स्वस्ति सक्सेना, तृतीय– एमजीडी गर्ल्स स्कूल की मिस ध्वनि चौधरी रही। प्रतियोगिता में अन्य विद्यालयों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। इसमें यूनिवर्स पब्लिक स्कूल, सेंट एडमंड स्कूल, धारव हाई स्कूल,टैगोर पब्लिक स्कूल वैशाली नगर, मोदी स्कूल लक्ष्मणगढ़, वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, एस.जे. पब्लिक स्कूल,ऑल सेंट्स चर्च सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टैगोर विद्या भवन शास्त्री नगर, टैगोर विद्या भवन स्वर्ण पथ, रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा जनता गर्ल्स पब्लिक स्कूल शामिल रहे। पुरस्कारों की घोषणा पूर्व अध्यक्ष रो. हरेश पाटनी ने की। अंत में सचिव रो. आर.सी. गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

















SERVICE ABOVE SELF

Rotary RID: 3056

# रोटरी पत्रिका

ROTARY PATRIKA (रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)

Rotary RID: 3056

## इंटरेक्ट क्लब गतिविधियां




UNIVERSE PUBLIC SCHOOL MEENAWALA




S. J. PUBLIC SCHOOL




M.P.S. JAWAHAR NAGAR



TAGORE INTERNATIONAL SCHOOL




M.G.S.S.S CHAURA RASTA

रोटरी सामुदायिक दल कुली के पदाधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों को माल्यार्पण, दुशाला एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में आर. सी.सी. कुली के अध्यक्ष श्री गणेश नारायण कामड, उपाध्यक्ष श्री मोती लाल सहित कई पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।






रोटरी क्लब जयपुर के उपाध्यक्ष रो. अजीत बंसल के द्वारा रोटरी क्लब बैंगलोर सद्गमया के साथ फ्लैग एक्सचेंज किया गया।

Rotary RID: 3056

# रोटरी पत्रिका

## ROTARY PATRIKA

(रोटरी क्लब जयपुर का मुखपत्र)

Rotary RID: 3056

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी का भव्य आयोजन

रोटरी क्लब जयपुर की ओर से 29 अगस्त 2025 को रोटरी भवन, चर्च रोड पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रो. बजरंग लाल शर्मा द्वारा मंगलाचरण से हुआ। इस अवसर पर रोटेरियनस एवं इनरव्हील के सदस्यों ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे वातावरण भावविभोर हो उठा। विशेष रूप से इनरव्हील क्लब जयपुर मेन की अध्यक्ष श्रीमती उषा डागा एवं उनकी टीम ने सहभागिता कर आयोजन को और अधिक स्नेहमय बनाया।क्लब अध्यक्ष रो. सी.ए. दुर्गेश पुरोहित एवं सचिव रो. आर.सी. गुप्ता के नेतृत्व में जन्मदिन उत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसका संचालन रो. ईना भार्गव एवं रो. कमल राठौड़ मैडम ने किया। अंत में सभी सदस्यों एवं अतिथियों ने सौहार्द्रपूर्ण फेलोशिप का आनंद लिया।




रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा 2 सितंबर 2025 को एस एम एस अस्पताल में पी पी रो. डॉ रतन मिश्रा के सहयोग से ज़रूरतमंदों के लिए भोजन वितरण किया गया।

## Healthy Mind, Healthy Life

पारीक स्कूल, जयपुर मे "Healthy Mind, Healthy Life & How to Overcome Stress, Anxiety, Depression" विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन 3 सितम्बर 2025 को किया गया। यह आयोजन रोटरी क्लब जयपुर, ग्लोबल हेल्थ फैमिली वेलफेयर सोसाइटी एवं अनिरुद्ध चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में रो. ईना भार्गव द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा तनाव, चिंता एवं अवसाद से उबरने के प्रभावी उपाय बताना था। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अपने विचारों, भावनाओं और विश्वासों के जरिए अपनी इच्छाओं और सपनों को वास्तविकता में बदलना एवं सरल जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच रखने और संवाद के महत्व पर विशेष बल दिया।



## TODAY MEETING

**Consumer Protection in India and General Awareness**

**Chief Guest-Shri Devendra Mohan Mathur**

**FRIDAY, 12TH SEPT. 2025**

**Evening 6:30 pm**

**Rotary Bhawan, Church Road, Jaipur**

## आत्मरक्षा कार्यशाला

रोटरी द्वारा 6 सितंबर 2025 को आयोजन स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर सीतापुरा में एक दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। रो. डॉ. पल्लवी सिंघवी के नेतृत्व में शिहान हेमंत कुमार, संसई इंद्रा कुमारी एवं उनकी टीम ने छात्र–छात्राओं को आत्मरक्षा की सरल और व्यावहारिक विधियों का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सुरक्षित समाज के निर्माण में सक्षम बनाना था।



## SEPT. 2025 HAPPY Birthday

RTN. SHRIKISHAN SHARMA
01.09
RTN. GAYATRI CHOUDHARY
02.09
RTN. R. K. SHARMA
04.09
PP RTN. CA S. L. GANGWAL
05.09
RTN. ROHIT JAIN
09.09
RTN. AMIT DHARIWAL
18.09
RTN. ARJUN JAIN
18.09
RTN. GIRDHAR MAHESHWARI
25.09

**ROTARY CLUB JAIPUR**
Rotary Bhawan, Church Road, Jaipur - 302001 | **Ph.:** 0141-2376819
**E-mail:** rotaryhalljaipur@hotmail.com | **Website:** www.rotaryclubjaipur.org
**CHIEF EDITOR -** Rtn. Piyush Jain Mob.: 9828454883
**EDITOR -** Rtn. Suresh Kumar Patni Mob.: 9610780638
**PRINTED AT -** Ram Print Hub, Mansarovar, Jaipur • Mob.: 9314616956

**To,** **Book-Post**